कुल छपे प्रश्नों की संख्या 10
कुल छपे पृष्ठों की संख्या 6



नामांक

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा सत्र - 2022-23

**विषय : हिन्दी**

**कक्षा - IX ( नवमीं )**

**समय : 3¼ घण्टे** | **पूर्णांक : 70**

**सामान्य निर्देश :**

( 1 ) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य हैं।
( 2 ) सर्वप्रथम विद्यार्थी अपने प्रश्न पत्र पर अपना नामांक अनिवार्यतः लिखें।
( 3 ) प्रत्येक प्रश्न के अंक प्रश्न के सामने अंकित हैं।
( 4 ) जिन प्रश्नों में आन्तरिक खण्ड हैं, उन सभी के उत्तर एक साथ लिखें।
( 5 ) प्रश्न का उत्तर लिखने से पूर्व प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें।

## खण्ड—अ

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दीए गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 4×1=4

भारतीय मनीषा ने कला, धर्म, दर्शन और साहित्य के क्षेत्र में नाना भाव से महत्त्वपूर्ण फल पाये हैं और भविष्य में भी महत्त्वपूर्ण फल पाने की योग्यता का परिचय व दे चुकी हैं। विकास की नाना सीढ़ियों पर खड़ी जनता के लिए नाना प्रकार के कार्यक्रम आवश्यक होंगे। उद्देश्य की एकता ही इन विविध कार्यक्रमों में एकता ला सकती है परन्तु उद्देश्य की अस्पष्टता से कोई भी कार्य फलदायक नहीं होगा। हिंदु-मुस्लिम एकता भी साधन है साध्य नहीं। साध्य है कि मनुष्य पशु समान स्वार्थों को छोड़कर धरातल से ऊपर उठकर "मनुष्यता" के आसन पर बैठाना अतएवं मनुष्य का सामुहिक कल्याण ही हमारा लक्ष्य हो सकता है।

(i) भारतीय मनीषा ने किस क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण फल पाया है ?

(अ) अन्याय, विरोध, दर्शन (ब) साहित्य, कला, धर्म
(स) न्याय, अधर्म, सांमानिमता (द) सभ्यता, कला, न्याय

(ii) भविष्य में महत्त्वपूर्ण फल पाने की योग्यता कौन दे चुकी है ?

(अ) मनुष्यता (ब) साहित्य
(स) भारतीय मनीषा (द) सामाजिकता

कृ.पृ.उ.

(iii) लेखक ने हिंदु-मुस्लिम एकता को क्या माना है ?

(अ) साध्य | (ब) उद्देश्य

(स) साधन | (द) लक्ष्य

(iv) "मनुष्यता" को निहित माना है ?

(अ) स्वार्थ में | (ब) दकियानुसी सोच में

(स) सामुहिक कल्याण में | (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

2. निम्नलिखित पद्यांश को पढ़कर दिये गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए-> 4×1=4

कुछ भी बन, बस कायर मत बन
ठोकर मार, पटक मत माथा
तेरी राह रोकते पाहन
कुछ भी बन, बस कायर मत बन
ले-देकर जीना, क्या जीना ?
कब तक गम के आँसू पीना ?
मानवता ने तुझको सींचा
बहा युगों तक खून-पसीना।
कुछ न करेगा ? किया करेगा-
रे मनुष्य बस कातर क्रंदन ?
अर्पण कर सर्वस्व मनुज को,
कर न दुष्ट को आत्म-समर्पण
कुछ भी बन, बस कायर मत बन।

(i) प्रस्तुत काव्यांश में कवि क्या नहीं बनने की बात कर रहा है ?

(अ) शत्रु | (ब) कायर

(स) मनुष्य | (द) उपर्युक्त सभी

(ii) रास्ता कौन रोकता है ?

(अ) कांटे (ब) शत्रु (स) पत्थर (द) नदियाँ

(iii) ले देकर जीना, क्या जीना इससे कवि का क्या भाव व्यक्त हुआ है ?

(iv) "कायर" शब्द के दो-पर्यायवाची शब्द लिखिए।

3. निम्न में से किसी एक विषय पर निबन्ध लिखिए— 6

(i) **कन्या भ्रूण हत्या→**

(अ) प्रस्तावना
(ब) कन्या भ्रूण हत्या के कारण
(स) कन्या भ्रूण हत्या के परिणाम
(द) रोकने के उपाय
(य) उपसंहार

(ii) **राजस्थान में बाढ़ एक समस्या→**

(अ) प्रस्तावना
(ब) बाढ़ के कारण
(स) बाढ़ के दुष्परिणाम
(द) बाढ़ को रोकने के उपाय
(य) उपसंहार

(iii) **बढ़ती महंगाई : एक विकराल समस्या→**

(अ) प्रस्तावना
(ब) बढ़ती महंगाई के कारण
(स) बढ़ती मंहगाई के जिम्मेदार कौन ?
(द) महंगाई को रोकने के उपाय
(य) उपसंहार

4. स्वयं को महेश मानते हुए अपने प्रधानाचार्य जी को शैक्षिक भ्रमण पर ले जाने हेतु एक प्रार्थना पत्र लिखिए। 3

**अथवा**

स्वयं को रा.उ.मा. विद्यालय बापू नगर, जयपुर का छात्र अमित मानते हुए अपने प्रधानाचार्य जी को विद्यालय में बंद सह-शैक्षिक गतिविधियों को सुचारू रूप में संचालित करने की व्यवस्था के क्रम में एक प्रार्थना-पत्र लिखिए।

5. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए—(अति लघुत्तरात्मक प्रश्न)— 14×1=14

(i) नाना साहब की पुत्री का क्या नाम था ?

(ii) जानवरों में सबसे ज्यादा बुद्धिहीन किसे समझा जाता है ?

(iii) साँवले सपनों की याद शीर्षक पाठ के लेखक कौन हैं ?

(iv) कबीर दास का जन्म कब हुआ था ?

(v) 'कैदी और कोकिला' कविता के माध्यम से कवि ने वर्णन किया है ?

(vi) आम तरू की डालिया किससे लद गई थी ?

(vii) कैदी और कोकिला पाठ किसके योगदान को दर्शाता है ?

(viii) उप उपसर्ग लगाकर दो नए शब्द बनाइए।

(ix) इक प्रत्यय से बने दो शब्द बनाइए।

(x) दाल-बाटी, तथा राजकुमार शब्दों के समास विग्रह कीजिए तथा समास का नाम भी बताइए।

(xi) "साखी" शब्द का शाब्दिक अर्थ लिखिए।

(xii) दो बैलों की कथा में दोनों बैलों के नाम क्या थे ?

(xiii) राहुल सांस्कृत्यायन का मूल नाम क्या था ?

(xiv) "कालिन्दी कूल कदम्ब की डारन" में कौनसा अलंकार है ?

6\. रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए— 6×1=6

(i) सालिम अली थे ..................।

(ii) ल्हासा की ओर .................. विधा की रचना है।

(iii) शब्द के अंत में लगकर .................. अर्थ में परिवर्तन कर देते है।

(iv) रसखान .............. काव्यधारा के कवि हैं।

(v) कवि ने ब्रिटिश राज का गहना ..................... कहा है।

(vi) गेरूआ-झाग फेन से भरे पानी को ..................... कहा है।

7\. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए—(उत्तर सीमा 40 शब्द) : 7×3=21

(i) छोटी बच्ची को बेलों के प्रति प्रेम क्यों उमड़ आया ?

(ii) उस समय के तिब्बत में हथियार का कानून न रहने के कारण यात्रियों को किस प्रकार का भय बना रहता था ?

(iii) ''तुम परदे का महत्त्व नहीं जानते, हम परदे पर कुर्बान हो रहे हैं'' पंक्ति में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

(iv) चौथे सवैये के अनुसार गोपियाँ अपने आपको विवश क्यों पाती हैं ?

(v) किस शासन की तुलना तम के प्रभाव से की गई है और क्यों ?

(vi) कवि ने गाँव को ''हरता जन मन'' क्यों कहा है ?

(vii) अलसी के मनोभावों का वर्णन कीजिए।

8. निम्न प्रश्नों के उत्तर दीजिए— 3×2=6

(i) प्रेमचंद अथवा कबीर दास का व्यक्तित्व व कृतित्व लिखिए।

(ii) आपदाओं से निपटने के लिए अपनी तरफ से सुझाव दीजिए।

**अथवा**

(iii) पाठ के आधार पर आज के उपभोक्तावादी युग में पनप रही ''दिखावे की संस्कृति'' पर विचार व्यक्त कीजिए।

9. निम्न गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 3

छोटे से जीवन की कैसे बड़ी कथाएँ आज कहूँ ?
क्या यह अच्छा नहीं कि औरों की सुनता मैं मौन रहूँ ?
सुनकर क्या तुम भला करोगे मेरी भोली आत्म कथा ?
अभी समय भी नहीं, थकी सोई है मेरी मौन व्यथा।

**अथवा**

बालू के सांपों से अंकित, गंगा की सतरंगी रेती,
सुंदर लगती सरपत छाई, तट पर तरबूज़ों की खेती,
अंगुली की कंघी से बगुले, कलंगी संवारते हैं कोई,
तिरते जल में सुरखाब, पुलिस पर मगरोंठी रही सोई ॥

10. निम्नलिखित गद्यांश की सप्रसंग व्याख्या कीजिए— 3

गांधी जी ने कहा था कि हम स्वस्थ, सांस्कृतिक प्रभावों के लिए अपने दरवाजे, खिड़की खुले रखें पर अपनी बुनियाद पर कायम रहें। उपभोक्ता संस्कृति हमारी सामाजिक नींव हिला रही है। यह एक बड़ा खतरा है। भविष्य के लिए यह एक बड़ी चुनैती है।

**अथवा**

सहसा एक दडियल आदमी जिसकी आँखें लाल थी और मुद्रा अत्यन्त कठोर,, आया और दोनों मिंदो के कूल्हों में उँगली गोदकर मुंशी जी से बाते करने लगा। उसका चेहरा देखकर अंतर्ज्ञान से दोनों मिंदो के दिल कॉप उठे। दोनों ने एक दूसरे को भीत नेत्रों से देखा और फिर सिर झुका लिया।

❑ ❑ ❑